दिन—बुधवार दिनांक— 07 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

ओलम्पिक से भारत के लिए बुरी खबर आई है। महिला पहलवान विनेश फोगाट पचास किलोग्राम भार वर्ग की फ्री स्टाइल कुश्ती के लिए कुछ ग्राम वजन अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दी गई हैं। विनेश फाइनल में पहुंच गई थी, लेकिन मुकाबले से पहले ही अयोग्य हो गई। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने क्यूबा की युस्लिनिस गुजमान लोपेज को हराकर ओलम्पिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान होने का गौरव हासिल किया था। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनेश फोगाट को देश का गौरव बताते हुये कहा कि आप चैम्पियनों में चैम्पियन हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आज की असफलता दुखदाई है और इसे शब्दों में व्यक्त कर पाना सम्भव नहीं है। उन्होंने विनेश फोगाट को संबोधित करते हुये कहा कि चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। आप और मजबूत होकर वापस लौटें। हम सभी आपके लिए प्रार्थना करते हैं।

————————————————————————

दिल्ली के राजेन्द्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन छात्रों की पानी में डूबने से हुई मौत की जांच सी.बी.आई. ने शुरू कर दी है। इससे पहले इस मामले की जांच दिल्ली पुलिस कर रही थी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इस घटना की जांच के लिए एक समिति भी गठित की है। यह समिति घटना के कारणों की जांच कर जरूरी उपाय सुझाने के साथ नीतिगत बदलावों की भी सिफारिश करेगी।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक एक करोड़ अढ़तालीस लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के चौथे चरण के अंतर्गत, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर, परिधान, कृषि और लॉजिस्टिक युवाओं के सबसे पसंदीदा क्षेत्र हैं।

————————————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर भर्ती के लिए पुनर्परीक्षा का पहला चरण आज शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। परीक्षा का आयोजन सभी जिला मुख्यालयों में पांच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर किया गया था। इधर, खगड़िया में पुलिस ने छापेमारी कर सॉल्वर गैंग के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से परीक्षा की फर्जी उत्तर कुंजी बरामद की गयी है। मौके से नब्बे अभ्यर्थियों की भी गिरफ्तारी हुई। बाद में इन सभी का सत्यापन कर परीक्षा में शामिल होने के लिए छोड़ दिया गया।

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से मात्र पच्चीस सेंटीमीटर, हाथीदह में अड़तीस सेंटीमीटर और दीघा घाट में इक्यानवे सेंटीमीटर नीचे रह गया है। वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज, रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से ऊपर बह रही है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के जयनगर और झंझारपुर में तथा परमान नदी अररिया में चेतावनी के स्तर से ऊपर बह रही है।

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मधेपुरा के ग्वालपाड़ा में सबसे अधिक एक सौ तिरेसठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, औरंगाबाद के कुटुम्बा में एक सौ इक्यावन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चम्पारण, नवादा और जमुई जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की बारिश के साथ मेघगर्जन और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया गया है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।